☎ : 05947-252841

# पायनियर चेतना

18 दिसम्बर 2008 e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com अंक-300
website : www.internationalpioneers.org
(निःस्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था, इन्टरनेशनल पायनियर्स द्वारा प्रकाशित)
(अवैतनिक) प्रधान सम्पादक : सन्तोष कुमार मेहरोत्रा, रामनगर (नैनीताल) सह सम्पादक : पाय० राकेश अरोड़ा (अवैतनिक)
Pioneerism A commitment to Humanity पाय० एल० सी० अरोड़ा (अवैतनिक)

## यातायात नियमों का उल्लंघन बढ़ती दुर्घटनाओं का कारण

- पायनियर्स क्लब के कार्य सराहनीय........पुलिस अधीक्षक
- जनपद में पहली बार कम्प्यूटराइज्ड ग्रीन कार्डो का निःशुल्क वितरण.................................. केशव शिवहरे अध्यक्ष

**चित्रकूट, 13 नवम्बर।** यातायात निदेशालय लखनऊ के निर्देशन में मनाये जा रहे यातायात माह नवम्बर 2008 के वृहद कार्यक्रमों की श्रृंखला में समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब एवं यातायात विभाग के तत्वावधान में ट्राँफिक चौराहा में विशाल निःशुल्क कम्प्यूटरीकृत ग्रीन कार्ड शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पुलिस



*यातायात रैली का झण्डी दिखाकर शुभारम्भ करते जिलाधिकारी आशीष गोयल, पुलिस अधीक्षक डीके राय व मध्य में संस्था के राष्ट्रिय अध्यक्ष पायनियर केशव शिवहरे*

अधीक्षक डीके राय ने दो वाहन स्वामियों को कम्प्यूटरीकृत ग्रीन कार्ड प्रदान कर किया।

मुख्य अतिथि श्री राय ने हजारों की संख्या में खचाखच भरे पंडाल में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी लोगों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए ताकि वाहन चालक वाहन चलाते समय स्वयं सुरक्षित रहे व दूसरों को भी सुरक्षित रखे। उन्होंने कहा यातायात नियमों का उल्लंघन करके आप स्वयं तो गलत कर ही रहे दूसरे की भी जिन्दगी खतरे में डाल सकते हैं। उन्होंने कहा वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें साथ ही मोबाइल का प्रयोग कतई न करे। आपका जीवन अमूल्य है इसको स्वयं अपने ही हाथों से नष्ट न करें। उन्होंने कहा उन नौजवानों को भी ध्यान देना चाहिए जो सड़क पर हाथ छोड़कर साईकिल व वाहन चलाते है ऐसा करना सर्वथा अनुचित एवं खतरनाक है। उन्होंने कहा कि यहाँ पर पायनियर्स क्लब लगातार कई वर्षो से इस तरह के निःशुल्क शिविरों का आयोजन कर रहा है परन्तु इस वर्ष संस्था ने निःशुल्क कम्प्यूटरीकृत ग्रीन कार्ड देकर मिशाल कायम की है। इसके लिए मैं संस्था के




*मुख्य अतिथि श्रीराय को पुण्य गुच्छ भेंटकर स्वागत करते संस्था प्रमुख श्री केशव शिवहरे*

राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे व उनकी पूरी टीम को बधाई देता हूँ। इसके पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे ने मुख्य अतिथि श्री राय को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। स्वागत की ही श्रृंखला में पालेश्वरनाथ इंटर कालेज पहाड़ी के शिक्षक चन्द्रशेखर सिंह के मार्गदर्शन में स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों से तालियाँ बटोरी। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री केशव शिवहरे ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि घरेलू वाहन स्वामियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विगत पांच वर्षो से इस तरह के शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर प्रदूषण जांच, ड्राइविंग लाइसेंस तथा बीमा आदि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बॉम्बे ऑप्टिकल के

*शेष पृष्ठ 2 पर...*

पृष्ठ 1 का शेष...

# यातायात नियमों का उल्लंघन बढ़ती दुर्घटनाओं....

संचालक मनोज द्विवेदी एवं श्रुति डायग्नोस्टिक सेन्टर के संचालक डा0 सुधीर अग्रवाल की सराहना की जिनका ग्रीन कार्ड में विशेष सहयोग है। उन्होंने कहा पायनियर्स क्लब बेहतर से बेहतर सुविधा



*निःशुल्क कम्प्यूटरीकृत कार्ड शिविर में उमड़ी भीड़ कागजात देखते एआरटीओ एके सोनकर व टीएस आई हरीशरण सिंह*

उपलब्ध कराने के लिए दृढ़ संकल्प है।

यातायात निरीक्षक हरीशरण सिंह ने कहा कि शिविर में दो




*सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे*

हजार आवेदन ग्रीन कार्ड के लिए प्राप्त हुए है साथ ही 250 वाहन स्वामियों को ड्राइविंग लाइसेंस (लर्निंग) बनाए गए। मौके पर ही 210 वाहन स्वामियों ने अपने वाहनों का बीमा कराया। शिविर में यातायात क्षेत्राधिकारी/सीओ सिटी आलोक जायसवाल, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ऐके सोनकर, विभाग के हे.कां. राजबहादुर सिंह, चन्द्रभवन, जलदेव सिंह, रामप्रकाश, त्रिभुवन सिंह, चन्द्रभवन, छोटेलाल, कमल किशोर, देवीदयाल, जगदीश नरायन, पायनियर्स क्लब के विनोद गुप्ता, डा0 प्रबोध अग्रवाल, गोपी किशन अग्रवाल, डा0 सुधीर अग्रवाल, डा0 सीताराम गुप्ता, श्रीराम अग्रवाल, सुनील सुहाने, महेन्द्र केशरवानी, राजेन्द्र गुप्ता, अतुल अग्रवाल, रमेश केशरवानी,



*वाहन स्वामी के कम्प्यूटरीकृत ग्रीनकार्ड प्रदान करते पुलिस अधीक्षक डी.के. राय राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे व अन्य*

भारत गुप्ता, अशोक गिरि, संतोष गुप्ता, सहित हजारों की संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए ऐसे आयोजनों के




*शिविर को सम्बोधित करते पुलिस अधीक्षक डी0के0 राय*

लिए संस्था अध्यक्ष श्री शिवहरे व उनकी पूरी टीम को बधाई दी। संचालन अरूण श्रीवास्तव ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, सहयोगियों पत्रकार बन्धुओं, का आभार व्यक्त करते हुए संस्था अध्यक्ष केशव शिवहरे ने बताया कि यातायात माह में श्रेष्ठ कार्य के लिए चयनित तीन यातायात कर्मियों को संस्था द्वारा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

# हत्या से ज्यादा सड़क दुर्घटनाओं में होती है मौतें ...पुलिस अधीक्षक

**चित्रकूट, 7 नवम्बर।** पुलिस अधीक्षक डीके राय एवं क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक जायसवाल के निर्देशन में मनाये जा रहे यातायात माह नवम्बर 2008 के तहत शुक्रवार को यातायात विभाग एवं पायनियर्स क्लब के सहयोग से रैली निकाली गयी।

यातायात के निर्देश पर माह माह के रूप में मनाया तहत शुक्रवार को स्कूलों के बच्चों के से रैली निकाली गई उद्देश्य वाहन नियमों के प्रति यातायात रैली को ाकारी आशीष कुमार अधीक्षक डीके राय किया।

इस मौके कार्यक्रम में मुख्य श्री गोयल ने कहा नियम यदि बचपन से लिया जाय तो आगे बचा जा सकता है।



*स्कूली बच्चों को मिष्ठान वितरित करते क्षेत्राधिकारी आलोक जायसवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे, टीएसआई हरीशरण सिंह*

निदेशालय लखनऊ नवम्बर के यातायात जा रहा है जिसके मुख्यालय के विभिन्न माध्यम से कोतवाली जिसका मुख्य चालकों को यातायात जागरूक करना है। कोतवाली से जिलाधि गोयल व पुलिस ने झण्डी दिखाकर

पर आयोजित अतिथि जिलाधिकारी कि यातायात के ही आत्मसात् कर चलकर दुर्घटनाओं से उन्होंने कहा यातायात नियमों का पालन करके हम अपनी एवं दूसरे की जिन्दगी को सुरक्षित कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक श्री राय ने कहा कि हर वर्ष तकरीबन 50 हजार लोग सड़क दुर्घटना के कारण मारे जाते हैं। इतने लोग घातक बीमारियों से भी नहीं मरते हैं। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डीपीएन पाण्डेय, यातायात प्रभारी आलोक जायसवाल, टीएसआई हरीशरण सिंह, पायनियर्स क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे, विनोद गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, श्रीराम अग्रवाल, अरूण कुमार गुप्ता, अरूण श्रीवास्तव, महेन्द्र केशरवानी, अनूप, यातायात कर्मचारी रामबहादुर सिंह, रामप्रकाश मौर्य, चन्द्रभवन कुसवाहा, जगदेव सिंह, त्रिभुवन सिंह, कमल किशोर दुबे, छोटेलाल, देवीदयाल, जगदीशनरायण सहित क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अन्त में सभी बच्चों को बिस्कुट, केक, लड्डू व टॉफी वितरित की गई।

# ग्रीन कार्ड के लिए उमड़ी वाहन चालकों की भीड़

- पायनियर्स क्लब व यातायात पुलिस के संयुक्त प्रयास से सीतापुर में लगा ग्रीन कार्ड वितरण शिविर
- 700 वाहन स्वामियों ने किया आवेदन




**चित्रकूट, 20 नवम्बर 2008।** पुलिस अधीक्षक डीके राय के मार्ग निर्देशन में मनाये जा रहे यातायात माह नवम्बर 2008 के तहत रामघाट किनारे विनोद लॉज के समीप निःशुल्क कम्प्यूटराइज्ड ग्रीन कार्ड वितरण के दूसरे चरण का आयोजन सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि एएसपी डीपीएन पाण्डेय व यातायात प्रभारी/सीओ सिटी आलोक जायसवाल ने प्रतीक के रूप में बनाये गये कुछ कम्प्यूटरीकृत ग्रीन कार्डों का वितरण कर शिविर का शुभारम्भ किया।

समाजसेवा में अग्रणी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब व यातायात पुलिस के सहयोग से आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एसपी डीपीएन पाण्डेय ने कहा कि पायनियर्स क्लब द्वारा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे के नेतृत्व में सदैव कुछ

*शेष पृष्ठ 12 पर...*

# पायनियर्स क्लब ने दो दर्जन लोगों को दिलाया निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण

## • युवा पीढ़ी कम्प्यूटर प्रशिक्षण शिक्षा

**चित्रकूट, 4 दिसम्बर 2008।** समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब ने शिक्षित बेरोजगारों को ध्यान में रखते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एवं जो आर्थिक रूप से



*संस्था द्वारा निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा का प्रमाण पत्र प्रदान करते पुलिस अधीक्षक श्री डी.के. राय*

अत्यन्त कमजोर है, ऐसे युवा लोगों का चयन कर 6 माह को कम्प्यूटकर कोर्स निःशुल्क निम्बस कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट से दिलाया।

इंटरनेशनल पाययनियर्स क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी केशव शिवहरे ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर ऐसे छात्र-छात्राएें जो धनाभाव में कम्प्यूटर नहीं सीख पा रहे है परन्तु उनके अन्दर कम्प्यूटर कोर्स कर स्वावलम्बी बनने की इच्छा है, ऐसे शिक्षित युवकों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संस्था द्वारा माह फरवरी 2008 में 6 माह का कम्प्यूटर कोर्स निःशुल्क दिलाने का निर्णय लिया गया था। जिसके तहत मौखिक परीक्षा द्वारा चयनित 24 लोगों का जिसमें 6 छात्राऐं व सभी वर्गो के छात्र शामिल थे, उन्हें 6 माह का कम्प्यूटर अप्लीकेशन (एम.एस.ऑफिस) प्रशिक्षण दिलाया गया जो माह सितम्बर 2008 में समाप्त हुआ है। प्रशिक्षित सभी छात्र-छात्राओं को 4 दिसम्बर 2008 गुरूवार को यातायात माह समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक डी.के. राय द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित कराया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीराय ने कहा कि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिवहरे ने आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को निःशुल्क कम्प्यूटर की शिक्षा प्रदान कर इनको स्वावलम्बी बनाने का सराहनीय प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि पायनियर्स क्लब द्वारा कराए जा रहे सभी सामाजिक कार्य समाज के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को अपने ज्ञान का दुरूपयोग नहीं करना चाहिए और कम्प्यूटर के गलत इस्तेमाल से बचना चाहिए।

इस अवसर पर पायनियर्स क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे एडवोकेट ने निम्बस कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट के निदेशक अमित शुक्ला, ट्रेनर गणेश त्रिपाठी, शीलेश कुमार, लक्ष्मीकान्त, देवेश शुक्ला, दुष्यन्त श्रीवास्तव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन सभी के सहयोग से संस्था का यह प्रोजेक्ट सफल हो सका। श्री शिवहरे ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छत्राओं को कम्प्यूटर शिक्षा दिलाने के लिए दूसरे ग्रुप का चयन माह जनवरी 2009 में किया जायेगा जिसके तहत 258 लोगों का चयन मौखिक परीक्षा के आधार पर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को निःसंकोच कम्प्यूटर शिक्षा ग्रहण कर अपना सुनहरा एवं उज्जवल भविष्य बनाना चाहिए।

# विवाह की वर्षगांठ पर पायनियर परिवार की बधाईयाँ

दिनांक 2 दिसम्बर – पाय0 श्रीमती मन्जू एवं पाय. बिशन सक्सैना, हापुड़
दिनांक 5 दिसम्बर – पाय0 श्रीमती दीप्ती एवं कमल रस्तोगी, मुरादाबाद
दिनांक 8 दिसम्बर – पाय0 श्रीमती कल्पना एवं अंशुल शर्मा, मुरादाबाद
दिनांक 11 दिसम्बर – पाय0 श्रीमती रेनू एवं महेन्द्र सिंह अधिकारी, रामनगर
दिनांक 12 दिसम्बर – पाय0 श्रीमती मीना एवं के.सी. जोशी, रामनगर
दिनांक 12 दिसम्बर – पाय0 श्रीमती मनीषा एवं नीरज अग्रवाल, जबलपुर (म.प्र.)
दिनांक 13 दिसम्बर – पाय0 श्रीमती उपमा एवं नेपाल सिंह शिशोडिया, गाजियाबाद
दिनांक 20 दिसम्बर – पाय0 श्रीमती सुजाता एवं संजय द्विवेदी, जबलपुर
दिनांक 28 दिसम्बर – पाय0 श्रीमती पिंकी एवं राजीव चौधरी, हापुड़
दिनांक 25 दिसम्बर – पाय0 श्रीमती अमिता एवं सुरेन्द्र अग्रवाल, चित्रकूट

# महासचिव की ओर से इण्टरनेशनल पायनियर्स के समस्त पदाधिकारियों से निवेदन

पायनियर साथियों,

वर्ष 2008 समाप्ति की ओर है तथा 2009 के स्वागत के लिए सब तैयारी कर रहें हैं।

वर्ष 2008 की उपलब्धियों पर विचार करें तथा 2009 में क्या नया करना है यह विचारणीय बिन्दु है। शाखाओं पर संस्था की प्रगति निर्भर है। विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी स्थानीय स्तर पर राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व कर रहे हैं।



संस्था को हर प्रकार से गतिशील करें यह विचारणीय बिन्दु है एवं यह विचारधारा बनायें कि प्रत्येक सदस्य को इस वर्ष एक नया सदस्य बनाना है। वृन्दावन में हम सबने पायनियरवाद को सर्वोच्च सोपान पर पहुँचाने की शपथ ली थी यदि हम अपने दायित्वों की अनदेखी करेंगे इससे संस्था का अहित होगा।

दो महीने के कार्यकाल में प्रधान कार्यालय के माध्यम से कोई आशाजनक प्रगति नहीं होती शाखा स्तर पर कार्यक्रम हो रहे हैं। परन्तु प्रधान कार्यलय स्तर से सदस्यता प्रसार नई शाखा खोलना राष्ट्रीय पदाधिकारियों के दौरे राष्ट्रीय पदाधिकारियों के पत्राचार हुए प्रतीत नहीं होते, सकता है कुछ पदाधिकारियों ने कार्य किये हैं। प्रत्येक पदाधिकारियों को सामूहिक जिम्मेदारियों का निर्वाहन करना होगा केवल राष्ट्रीय सम्मेलन की चाकाचौंध से प्रभावित होकर पद धारण कर लेना ही हमारा दायित्व नहीं होना चाहिए।

हमें अपने कार्यक्रमों में उत्साह लाना होगा। अपने विचारो में गति देनी होगी। सभी शाखाओं को नई ऊर्जा देने का प्रयत्न करना होगा। परिवर्तन एवं नवीनता लाये बिना सफल नेतृत्व देना कठिन होगा।

हम संस्था की वृद्धि और विकास के लिए वचनबद्ध है। कृपया अपनी पूरी क्षमता का प्रयोग करें तथा पत्राचार द्वारा सम्पर्क बनाये रखें आपने नवम्बर से अब तक प्रधान कार्यालय के लिए क्या कार्य किये है। कितने नये सदस्य बनाये अथवा बनाने के प्रयत्न किये गये। सदस्यता प्रसार में आप मेरी और राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे भी अपनी रचनात्मक ऊर्जा द्वारा आपकी मदद के लिए सदैव तत्पर है। हमें विश्वास है। उनके नेतृत्व में संस्था का विकास होगा। नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाओं सहित!

*पाय. संतोष कुमार मेहरोत्रा, राष्ट्रीय महासचिव*

*मो0 : 9897122394*

# पायनियर्स क्लब द्वारा संकलित दूरभाष/यातायात निदेशिका का पुलिस अधीक्षक ने किया विमोचन

**चित्रकूट, 4 दिसम्बर 2008।** यातायात समापन समारोह के अवसर पर पुलिस अधीक्षक डीके राय द्वारा पायनियर्स क्लब द्वारा छपवाई गई



*दूरभाष/यातायात निदेशिका का विमोचन करते पुलिस अधीक्षक डी.के. राय*

यातायात/दूरभाष निदेशिका का विमोचन किया गया।

विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी समाजसेकवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब द्वारा जनपद वासियों के लिए बहुपयोगी दूरभाष/यातायात निदेशिका का प्रकाशन कराया गया जिसका विमोचन यातायात समापन समारोह के अवसर पर हजारों लोगों के बीच खचाखच भरे सभागार में पुलिस अधीक्षक डीके राय द्वारा किया गया। जिसका संस्था द्वारा नि:शुल्क विवरण कराया गया।

विमोचन करते हुए पुलिस अधीखक श्रीराय ने कहा कि यह डायरी जनता, पुलिस, पत्रकार बन्धुओं एवं सभी के लिए उपयोगी सिद्ध होगी उन्होंने कहा इसमें बहुत ही अच्छी एवं आवयश्क जानकारी दी गई है।

इस अवसर पर पायनियर्स क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे ने कहा कि यह डायरी सभी की जरूरतों को ध्यान में रखकर छपवाई गई हैं इसमें जनपद व मण्डल के सभी प्रशासनिक व न्यायिक अधिकारियों के मोबाइल नम्बर, पुलिस विभाग, यातायात विभाग, सरकारी, गैर सरकारी चिकित्सक, नर्सिंग होम, इलैक्ट्रानिक एवं प्रिन्ट मीडिया के प्रमुखों, होटल रेस्तरां, स्कूल, कालेज, बैंक, डाक, बीमा, विद्युत विभाग, रेलवे विभाग सहित अन्य विविध प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों के मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराये गये हैं। यह डायरी निश्चित रूप से सभी के लिए अत्यन्त उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा डायरी का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा।

# यातायात नियमों की अनभिज्ञता, बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं का कारण...पुलिस अधीक्षक

## ● यातायात माह नवम्बर 2008, समापन समारोह सम्पन्न
## ● तीन माह के अन्तराल में पुनः लगेगा ग्रीन कार्ड शिविर
## ● हजारों लोगों ने उठाया शिविर का लाभ

**चित्रकूट, 4 दिसम्बर 2008।** समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब व यातायात विभाग के संयुक्त सहयोग से गुरूवार को चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी में यातायात माह नवम्बर 2008 का विधिवत समापन समारोह सम्पन्न हुआ।



*शिविर को सम्बोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे एडवोकेट*

बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक डी.के. राय द्वारा यातायात माह के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता रहे प्रतिभागियों को पुरूष्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री राय ने कहा कि वास्तव में यातायात माह के अवसर पर समाजसेवी संस्था पायनियर्स क्लब ने जो सहयोग किया है, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाये कम होगी। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने एवं यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष नवम्बर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जाता है जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, संगोष्ठिया, स्कूली बच्चों द्वारा रैली निकालकर वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाती है।



*समापन समारोह में मौजूद नागरिकगण*

उन्होंने कहा कि सामान्य से कहीं अधिक लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में होती है। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी एवं जागरूकता से अमूल्य जीवन की सुरक्षा की जा सकती है। उन्होंने वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने की हिदायत दी और कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करते हुए निर्धारित गति पर ही वाहन चलाये। उन्होंने समापन अवसर पर उमड़ी भीड़ को देखते हुए कहा कि इस समय हमारे और आपके सामने सबसे बड़ी समस्या है आतंकवाद की। आप अपने गली मुहल्ले व शहर में किसी अनजान संदिग्ध व्यक्ति या लवारिस पड़ी वस्तु को देखें तो उसकी सूचना सुलिस को अवश्य दें।

सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूरी तरह से गोपनीय रखा जाता है। उन्होंने भवन स्वामियों को भी सलाह दी कि अपना मकान किराये पर देने के पूर्व सम्बन्धित व्यक्ति के बारे में भली भांति जान लें कहीं वह अपराधी या आतंकवादी तो नहीं है। उन्होंने कहा कि अपने घरों में नौकरों के बारे में एवं उनकी गतिविधियों में भी नजर अवश्य रखें। इसके पूर्व संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाज सेवी केशव शिवहरे ने मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक डीके राय, विशिष्ट अतिथि सीओ सिटी आलोक जायसवाल, सीओ राजापुर, रमेश चन्द्र पाठक, एआरटीओ एके सोनकर, सीआईसी के प्रधानाचार्य डा0 रणवीर सिंह चौहान का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि पायनियर्स क्लब विगत पांच वर्षों से यातायात माह के अवसर पर घरेलू वाहन चालकों को निःशुल्क ग्रीन कार्ड की सुविधा प्रदान करता हआ रहा है परन्तु इस वर्ष संस्था द्वारा कम्प्यूटरीकृत ग्रीन कार्ड वाहन स्वामियों को दिए गये हैं उन्होंने कहा कि वाहन स्वामियों की बढ़ती जागरूकता एवं मांग को देखते हुए प्रति तीन माह के अन्तराल में यह शिविर आयोजित किया जायेगा जिसमें एक ही स्थान पर बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण जांच एवं ग्रीन कार्ड की सुविधा प्रदान की जायेगी।



*कम्प्यूटरीकृत ग्रीनकार्डों को निःशुल्क वितरित करते संस्था के पदाधिकारी*

यातायात माह में यातायात विभाग द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता जिसका शी वर्क ''यातायात नियमों का जीवन में महत्व'' में सफल प्रतियोगी चित्रकूट इंटर कालेज, सरस्वती विद्या मन्दिर, गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, जेएम बालिका इंटर कालेज के, छात्र-छात्राओं को पुलिस अधीक्षक श्री राय ने ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। यातायात प्रभारी सुनील कुमार मिश्र ने बताया कि यातायात माह के दौरान वाहन चेकिंग में 55 वाहनों से 55400.00 रु0 जुर्माना वसूला गया, 80 वाहनों का चालान किया गया व 35 वाहनों को सीज किया गया।

यातायात समापन पर पायनियर्स क्लब के महेन्द्र केशरवानी, विनोद गुप्ता, राजेश गुप्ता, सुनील सुहाने, अरूण गुप्ता, अरूण श्रीवास्तव, गोपी किशन अग्रवाल, डा0 सुधीर अग्रवाल, डा0 प्रबोध अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, राजेन्द्र गुप्ता, अनूप गुप्ता, प्रेमनरायन कसौंधन, अतुल, संतोष गुप्ता, भरत गुप्ता, अमित शुक्ला, यातायात विभाग के हे.कां. रामबहादुर, चन्द्रभवन कुशवाहा, कमल किशोर दुबे, छोटेलाल, त्रिभुवन सिंह, देवी दयाल, जगदेव सिंह कछवाह, रामप्रकाश मौर्य, जगदीश नरायन समेत हजारों की संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन उपनिरीक्षक सुनील मिश्र ने किया।

# किसान दिवस पर उद्यासन पंडित राकेश नन्दन सिंघल सम्मानित किये गये

रामनगर। किसान दिवस के अवसर पर चड्डा फार्म जस्सागांजा में इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब, रामनगर द्वारा आयोजित गोष्ठी में उत्तराखण्ड के उद्यान पं. राकेश नन्दन सिंघल को पायनियर्स क्लब रामनगर की ओर से अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा, प्रथम महिला पायनियर्स सुधा मेहरोत्रा तथा पूर्व सचिव सलिल गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से सॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामनगर पायनियर्स के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महासचिव संतोष मेहरोत्रा द्वारा की गयी तथा संचालन सचिव पुनीत शर्मा द्वारा किया गया।



*सम्मानित किया उद्यान पं. राकेश नन्दन सिंघल*

एक खुले खेत में चारों तरफ कुर्सी, मूढ़े तथा चारपाईयों के बीच में अलाव जलाकर कड़कड़ाती ठण्ड में किसान गोष्ठी का सदस्यों ने भरपूर आनंद उठाया। गोष्ठी के दौरान स्वल्पाहार के साथ चाय की चुस्कियाँ भी सदस्य लेते रहे।

राकेश नन्दन सिंघल ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश होते हुए भी कृषि को छोटा कार्य समझा जाता है, जबकि आजह वैज्ञानिक प्रवेश में सिद्ध हो गया है कि कृषि के माध्यम से भी भरपूर पैसा कमाया जा सकता है। हम अपने उत्पादनों को विश्व के कोने-कोने तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं, इसके लिए प्रदेश तथा के... सरकार को सकारात्मक प्रयास करने होंगे। सरकार योजनायें बहुत बना रही है, परन्तु अफसरशाही के चलते किसानों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। एनजीओ का योगदान न के बराबर है।



*गोष्ठी में भाग लेते प्रतिभागी*

उन्होंने पायनियर्स क्लब से किसानों के हित में आगे आने का अनुरोध किया।

पंतनगर विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त डॉ. एसएस टण्डन ने सभी क्षेत्रों में छोटे-छोटे क्षेत्रीय किसान मेले आयोजित किये जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित किया जाना भी अति आवश्यक है।

आर्किटेक्ट एमएस नेगी ने कॉर्बेट पार्क के नजदीक क्षेत्र में कंकरीट के जंगल बनने पर चिंता व्यक्त की, इससे पर्यावरण प्रभावित हो रहा है, कोसी नदी प्रदूषित हो रही है। कोसी नदी से रेता, बजरी, पत्थर निकाल कर ले जा रहे ट्रकों, ट्रॉली, डम्परों आदि पर यह पाबंदी लगाने की मांग की कि सामग्री को ढक कर ले जायें तथा रेता को पानी

*शेष पृष्ठ 10 पर...*

VIDEOCON
NEW IMPROVED LIFE
LG
Life's Good
SV SHARMA
VIDEOS PVT. LTD.
Main Road, BAZPUR (U.S.Nagar)
Ph. : 281311, 281411
Distributor LG, VIDEOCON
e-mail :sharmavideos.bzp@live.com
Regd. Off. : Main Road, Bazpur, Ph. : 281311, 281411
Branch:
RAMNAGAR : Jaspuria Line, Ph. : 252211
HALDWANI : Nainital Road, Ph. : 223432
: Railway Bazar, Ph. : 255711
KASHIPUR : Ramnagar Road, Ph. : 274811
RUDRAPUR : Kashipur Bye-Pass Road, NearADB Branch Ph. : 246211
KHATIMA : Sitarganj Road, Ph. : 250311
NEXT : KASHIPUR, Ph. : 05947-270211, Rudrapur, Ph. : 05944-246511

शेष पृष्ठ 10 पर...

# किसान दिवस पर उद्यासन पंडित राकेश नन्दन सिंघल सम्मानित...

से भिगोकर ले जायें तथा रेता-बजरी सड़क पर न बिखरे, जिससे दुर्घटना की संभावने रहती है। भवानीगंज चौराहा पर सघन यातायात



*उद्यान पण्डित राकेश नन्दन सिंघल को सम्मानित करते पाय, क्लब के अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा, प्रथम महिला पाय, सुधा मेहरोत्रा सचिव पुनीत शर्मा, पूर्व सचिव सलिल गुप्ता*

नियंत्रण की व्यवस्था होनी चाहिए। चार्टेंट एकाउण्टेन्ट सलिल गुप्ता ने वृक्षारोपण पर बल दिया।

पूर्व राज्यमंत्री धनेश्वरी घिल्डियाल ने प्रकृति की सुरम्य गोद



*गोष्ठी में भाग लेते प्रतिभागी*

में राजा चड्डा के फार्म पर आयोजित इस कार्यक्रम से वह अत्यन्त प्रफुल्लित हैं। उन्होंने कहा कि किसान दिवस पर एकत्रित होने वाले विचारों को संकलित कर प्रशासन को इनसे अवगत कराया जाये।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बीडी पाण्डे ने ग्लोबल वार्मिंग पर चिंता व्यक्त की। प्रसिद्ध ज्योतिष सोमेश शर्मा ने किसानों से अत्याधुनिक तकनीकी से जुड़ने का अनुरोध किया। गुजरात के आनंद डेरी प्रोजेक्ट भी भांति प्रोजेक्ट उत्तराखण्ड में भी चलाये जाने पर बल दिया। उन्होंने अपने यूके की यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय फल व कृषि उत्पाद विश्व में अभी तक अपनी पहचान नहीं बना सके हैं। सरकारों को इसके लिए अत्यधिक प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम का समापन करते हुए पायनियर्स क्लब रामनगर अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा ने कहा कि भारत के किसान आज भी निजी साहूकारों के कर्ज में डूबे हैं, उन्हें अत्यधिक ब्याज देना पड़ता है। बैंकों का समुचित लाभ किसान नहीं उठा पा रहे हैं। नई तकनीकी का ज्ञान



*स्वल्पाहार का आनन्द लेते प्रतिभागी*

किसानों को कराने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास करने होंगे। उन्होंने क्लब द्वारा आगामी माह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। एस्कॉर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट के सहयोग से हार्ट कैम्प, जिलाधिकारी नैनीताल से विकलांग शिविर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी से नेत्र शिविर हेतु आवेदन



*गोष्ठी में भाग लेते प्रतिभागी*

किया जा चुका है। नव वर्ष का कार्यक्रम जनवरी के प्रथम सप्ताह में आयोजित होगा। जोनल चेयरमैन एलसी अरोरा मुरादाबाद का पत्र भी पढ़कर सुनाया गया, जिन्होंने रामनगर पायनियर्स क्लब के उत्कर्ष कार्यक्रमों के लिए समस्त सदस्यों को बधाई दी।

गोष्ठी की सम्पूर्ण व्यवस्थायें पाय0 राजा चड्डा तथा तरू चड्डा द्वारा की गयी। गोष्ठी के उपरांत सभी सदस्यों ने उद्यान पं0 राकेश सिंघल के फार्म पर जाकर फूलों की खेती की जानकारी प्राप्त की। राकेश सिंघल ने सभी प्रतिभागियों को फूलों का एक-एक गुलदस्ता भेंट किया। डॉ. केसी जोशी, पंकज कुमार बंसल, जितेन्द्र सिंघल, सुधा मेहरोत्रा, सुमन अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, विपिन अग्रवाल तथा रीना बंसल ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# राष्ट्रीय पदाधिकारी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें...केशव शिवहरे रा.अध्यक्ष

कैम्प कार्यालय चित्रकूट, 14 दिसम्बर 2008। समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री केशव



शिवहरे ने इस वर्ष के लिए चुने गये समस्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे अपने दायित्वों एवं कर्त्यों का निष्ठापूर्वक नित्यादान करें। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों की नैतिक जिम्मेदारी है कि वे अपने आस-पास एवं समीपवर्ती जनपदों में संगठन खड़ा करें। ताकि समाजसेवा के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा पीड़ितों को लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा नयी शाखाओं का सृजन करना किसी एक ही पदाधिकारी का दायित्व नहीं है। इस पुण्य कार्य के लिए हम सभी को प्रयास करना चाहिए। सत्र का दूसरा माह चल रहा है परन्तु अभी तक किसी पदाधिकारी द्वारा कोई गतिविधि की जानकारी नहीं प्राप्त हुई कि उनके द्वारा नई शाखाएँ खोलने के क्या प्रयास किए जा रहे हैं। पदों का इस्तेमाल केवल शोपीस के रूप में ही सिमट कर रह जाये इसके लिए सभी को पूरी निष्ठा से कार्य करना होगा। सभी पायनियर्स साथियों को नववर्ष की अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएँ!

*पाय. केशव प्रसाद शिवहरे (राष्ट्रीय अध्यक्ष)*

## जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनायें

दिनांक 4 दिसम्बर - पाय0 जोगेन्दर कुमार वाली, मुरादाबाद
दिनांक 6 दिसम्बर - पाय0 सुभाष अरोड़ा, मुरादाबाद
दिनांक 15 दिसम्बर - पाय0 बिशन सक्सैना, हापुड़
दिनांक 16 दिसम्बर - पाय0 अरविन्द अग्रवाल, मुरादाबाद
दिनांक 21 दिसम्बर - पाय0 श्रीराम अग्रवाल, चित्रकूट

*Dear Pioneers,*
*My heartiest greeetings to all of u and your family. A very-very happy and prosperous.*
*NEW YEAR-2009*
**Pio. L.C.Arora**
**Zone Chairman, Moradabad**


## नव वर्ष 2009 की हार्दिक शुभकामनाऐं!

दिनेश चन्द्र गोयल
अमित गोयल
मधुप गोयल

(दु.) 251363, 251046
(नि.) 251563, 252763

# बट्टू लाल दिनेश चन्द्र (सर्राफ)

सर्राफा चौक, रामनगर-244715

# गोयल उद्यान एवं कृषि फार्म

पीरूमदारा (नैनीताल)

## यातायात पुलिस को पायनियर्स क्लब ने किया सम्मानित

चित्रकूट, 4 दिसम्बर 2008। वृहस्पतिवार को मुख्यालय स्थित चित्रकूट इंटर कालेज में समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के तत्वावधान में यातायात माह नवम्बर 2008 का समापन समारोह विधिवत सम्पन्न हुआ। पुलिस अधीक्षक डीके राय के निर्देशन एवं सिओ सिटी आलोक जायसवाल की देखरेख में पूरे माह यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई इसके साथ हीनिबन्ध प्रतियोगिता रेफलेक्टर लगाना, स्कूल, कॉलेजों में जाकर छात्रों किो यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना प्रमुख रहा। इस अवसर पर समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब द्वारा घरेलू वाहन स्वामियों को सुविधा को ध्यान में रखते हुए कम्प्यूटरीकृत ग्रीन कार्ड नि:शुल्क वितरित किये गये।



*पायनियर्स क्लब की ओर से यातायात पुलिस को सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक डी.के. राय*

समारोह अवसर पर पायनियर्स क्लब द्वारा पूरे यातायात नवम्बर माह में विशेष योगदान देने वाले यातायात पुलिस विभाग के टीएसआई हरीशरण सिंह, हे.कां. रामबहादुर सिंह, कां. चन्द्रभवन कुशवाहा, कां. देवीदयाल, कां. जगदेव सिंह कछवाह को पुलिस अधीक्षक डी.के.राय से प्रशस्ति पत्र एवं शॉल दिलाकर सम्मानित कराया गया। इस अवसर पर इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे ने कहा कि संस्था पिछले पांच वर्षो से इस परम्परा का निवर्हन करती आ रही है। उन्होंने कहा कि शेष पुलिस कर्मियों (यातायात) को विगत वर्षों में सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि शेष पुलिस निवर्हन करती आ रही है।

उन्होंने कहा कि यातायात विभाग के सभी पुलिस कर्मियों ने बहुत ही अच्छा कार्य किया है और संस्था को सभी ने सहयोग दिया है।

---


# नव वर्ष 2009 मंगलमय हो!
# हार्दिक शुभकामनाओं सहित

## स्वामी परमानन्द पायनियर्स धर्मार्थ होम्योपैथिक चिकित्सालय

### रामा मन्दिर मार्ग, रामनगर (नैनीताल)

❖❖❖

## राजरानी मेहरोत्रा धर्मार्थ होम्योपैथिक चिकित्सालय

### पीरूमदारा (नैनीताल)

शुभेच्छु :



**पा. संतोष मेहरोत्रा**
अध्यक्ष
9897122394



**पा. पुनीत शर्मा**
सचिव
9719327069



**पा. बी.डी. पाण्डे**
प्रबन्धक
9927080257

# समाचार पत्रों से...



## हत्या से ज्यादा सड़क दुर्घटना में होती हैं मौतें : एसपी



चित्रकूट

## स्कूली बच्चों ने रैली निकाल दी यातायात की जानकारी



## शिविर में बाँटे गए डीएल व ग्रीन कार्ड



## वाहन चालकों को ग्रीन कार्ड बांट दी गई यातायात नियमों के पालन की सलाह

# पायनियर्स साहित्य एवं ललित कला मंच, हापुड़ मासिक पारिवारिक बैठक-8 नवम्बर 2008

- **संस्था द्वारा पांच अध्यापकों का सम्मान किया गया**
- **गुरू, प्रतिभा को निखारने का काम करता है : महावीर वर्मा 'मधुर'**

पायनियर्स साहित्य व ललित कला मंच के तत्वावधान में आयोजित समारोह में नगर के चार अध्यापकों को सम्मानित किया गया।अध्यापकों में एलएन पब्लिक सीनियर सैकेंड्री स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती आराधना वाजपेयी, एसएसवी इंटर कालेज के दीपक गौड़ व नरेश चन्द्र वर्मा, रिटायर्ड अध्यापिका श्रीमती कमलेश द्विवेदी (फर्रूखाबादी) को सम्मानित करते हुए क्लब अध्यक्ष अविनाश बब्बर ने कहा कि अध्यापक को शास्त्रों से भगवान से भी बड़ा दर्जा दिया गया है। बच्चों को दिशा देने के अतिरिक्त उसके भविष्य को भी वे संवारते हैं।

क्लब के सचिव महावीर वर्मा 'मधुर' ने कहा कि प्रतिभा सभी में होती है इसको विकसित करने का कार्य शुरू करता है। बुद्धि या प्रतिभा ऐसे सिमकार्ड की तरह है जिसे एक्टिवेट करने का कार्य गुरू या अध्यापक ही करते हैं, इसलिये समाज में अध्यापक का स्थान सर्वोपरि होता है इसलिये वह सम्मान पाने का अधिकारी होता है।

क्लब के राष्ट्रीय जनसंपर्क अधिकारी अनिल वाजपेयी ने कहा कि शिक्षक वह चिराग है जो खुद जलकर संसार को रोशनी देता है। शिक्षक और विद्यार्थी का संबंध तेल और दीपक की भांति है जैसे दीपक अपनी लौ से रोशनी देता है उसी प्रकार शिक्षक विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा देकर देश के भविष्य को बना सकता है। श्री वाजपेयी ने कहा कि बच्चे वह कच्ची मिट्टी है जिन्हें शिक्षक किसी भी दिशा में ढाल सकता है। समारोह का शुभारंभ विनय अग्रवाल व प्राची अग्रवाल ने कविता पढ़कर किया। विशु वर्मा ने भी कविता से श्रोताओं का मन मोहा। इस अवसर पर कुछ प्रतियोगिताऐं भी आयोजित की गई। पुरूष वर्ग के गेम में प्रदीप, महेश व सुनील शर्मा क्रमश: प्रथम व द्वितीय तथा महिला वर्ग के गेम में श्रीमती उषा बब्बर व श्रीमती पदमा अग्रवाल क्रमश: प्रथम व द्वितीय तथा बच्चों में शिवम ससक्सेसना प्रथम, विशू वर्मा द्वितीय विनय अग्रवाल व वैष्णवी वर्मा प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे। समारोह के संयोजक नरेंद्र गर्ग व मिथलेश गर्ग ने सभी अध्यापकों व अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अविनाश बब्बर, नरेंन्द्र गर्ग, पूजा महेश, प्रदीप अग्रवाल, बिशन सक्सेना, डा. राजेश्वर, सुनील शर्मा, अनिल
वाजपेयी, सुनील अग्रवाल, महावीर वर्मा, अजय बंसल का योगदान सराहनीय रहा।

*सौजन्य से : दैनिक महामेधा, गाजियाबाद*

पृष्ठ 3 का शेष...

## ग्रीन कार्ड के लिए उमड़ी वाहन चालकों...

न कुछ सामाजिक कार्य इस जनपद में होते रहते हैं, उसी कड़ी में क्लब का यह भी कार्य अत्यन्त ही सराहनीय है।

उन्होंने कहा जनपद में ग्रीन कार्डो के प्रति वाहन चालकों को जागरूक करने का श्रेय पायनियर्स क्लब को ही जाता है। उन्होंने कहा कि जनपद में इस समय बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं एवं अतिक्रमण को समाप्त कराने में भी संस्था को सार्थक प्रयास करना होगा। वाहन चालकों से भी अपेक्षा करते हुए कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय सावधानी बरते एवं यातायात नियमों का पालन करें। अगर यातायात नियमों का हम और आप पालन करेंगे तो यात्रा सुरक्षित और आपकी जान महफूज रहेगी। इस पूर्व संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष यएवं समर्पित समाज सेवी केशव शिवहरे ने मुख्य अतिथि श्री पाण्डेय, सीओ सिटी आलोक जायसवाल एवं एआरटीओ एके सोनकर का माल्यार्पण कर संस्था की ओर से स्वागत एवं अभिनन्दन किया। श्री शिवहरे ने कहा कि वाहन चालकों की मांग को देखते हुए यह द्वितीय चरण का शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में ग्रीन कार्ड के अलावा ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा कराने व प्रदूषण की जांच कराने के काउंटर इस आशय से लगवाये गये हैं ताकि वाहसन चालकों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं मिल सकें।

इस अवसर पर श्री शिवहरे ने टीएसआई हरीशरण सिंह एआरटीओ कार्यालय के प्रमोद कुमार, छोटेलाल पाण्डेय, प्रदूषण जांच केन्द्र के संचालक जागेश्वर शुक्ला सहित सभी को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

टीएसआई श्री सिंह ने बताया कि शिविर में ग्रीन कार्ड के लिए कुल 700 लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस के लिए 275 लोगों के फार्म जमा हुए। 79 वाहन चालकों ने मौके पर ही अपने वाहनों का बीमा कराया। शिविर में पायनियर्स क्लब के विनोद गुप्ता, श्रीराम अग्रवाल, दीपचन्द्र अग्रवाल, अशोक गिरि, अरूण कुमार गुप्ता, सुनील सुहाने, ओमप्रकाश साहू, प्रेमनरायन कसौंधन, डा. प्रबोध अग्रवाल, संतोष गुप्ता, महेन्द्र केशरवानी के अलावा यातायात विभाग के हे.का. रामबहादुर सिंह, त्रिभुवन सिंह व जगदेव कछवाह आदि ने अपना योगदान दिया। संचालन अरूण श्रीवास्तव ने किया। अन्त में आए हुए सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं नागरिकों का संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे एडवोकेट ने आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में पायनियर्स क्लब के कार्यक्रमों में सहयोग बनाए रखने की अपील की।

आई बी पी
IBP

S.T.D. : 05947
RESI. : 251483
RO : 272723

**M/S SHREE KRISHNA FILL & FLY**

(Dealer IBP/IBP/IOC Co. Ltd.)

**Ramnagar Road, Kharmasi (U.S. Nagar) P.O. - Kashipur (Uttrakhand)**

नव वर्ष 2009 की हार्दिक शुभकामनाऐं

**पायनियर डा0 के0 के0 अग्रवाल**

एवं

**श्रीमती अनीता अग्रवाल**

रानीखेत रोड, रामनगर (नैनीताल)

# उत्कृष्ट कार्य के लिए इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के रा.अध्यक्ष समाज सेवी केशव शिवहरे सम्मानित


## ● पायनियर्स क्लब के कार्य सराहनीय............पुलिस अधीक्षक

**चित्रकूट, 4 दिसम्बर 2008।** यातायात निदेशालय उ.प्र. लखनऊ



*राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे को ट्राफी देकर सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक डी.के. राय*

के निर्देशन में जनपद में माह नवम्बर 2008 को यातायात माह के रूप में मनाया गया विगत पाँच वर्षों से लगातार समाज सेवा में अग्रणी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के कर्म0 एवं निष्ठावान समाज सेवी केशव शिवहरे एड0 के नेतृत्व में यातायात विभाग के सहयोग से निःशुल्क ग्रीन कार्ड का वितरण किया जा रहा है। इस वर्ष समाजसेवी संस्था पाययनियर्स क्लब ने यातायात विभाग के तत्वावधान में घरेलू वाहन स्वामियों को कम्प्यूटराइज्ड ग्रीन कार्ड निःशुल्क उपलब्ध कराये है जिसका श्रेय संस्था के राष्ट्रीयअध्यक्ष केशव शिवहरे व उनकी टीम को जाता है। यातायात माह के सफल संचालन में सक्रिय योगदान देने वाली सामाजिक संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के राष्ट्रीय अध यक्ष केशव शिवहरे को उत्कृष्ट एवं सक्रिय योगदान के लिए पुलिस अधीक्षक डी0के0 राय द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। यातायात समाप न समारोह के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री राय ने समाजसेवी श्री शिवहरे को सम्मानित करते हुए कहा कि श्री शिवहरे ने अपनी निष्ठा, लगन व समर्पण व नेतृत्व से पूरे जनपद में समाज सेवा के क्षेत्र में अद्‌भुत मिशाल कायम की है। मैं उन्हें एवं उनकी पूरी पायनियर्स टीम को यातायात माह में किए गए सराहनीय कार्यों के लिए धन्यवाद देता हूँ।


नववर्ष 2009 की

शुभकामनाऐं

**पाय0 अतुल शर्मा**

हापुड़ आस्था पायनियर्स क्लब

***Manufacturers :***

**A.K. SCIENTIFIC & SURGICAL SUPPLIES**

**58, Modi Super Market**
**Swarg Ashram Road**
**HAPUR - 245101**

Ph. : (O) 0122-2313591 (R) 2337283
Fax : 091-122-2335002
(Mob) 9837036572


**Phone : (05947) 253139, Mob. : 9412958570**

# GARJIYA

## Digital Color Lab

**Ranikhet Road, Ramnagar (Nainital)**

Digital Minilab





- मोबाइल से फोटो।
- डिजिटल फोटोग्राफी की जाती है।
- अर्जेन्ट पासपोर्ट फोटो बनाये जाते हैं।
- डिजिटल कैमरे से प्रिन्ट बनाये जाते हैं।
- वीडियो कैसेट से सी.डी. बनायी जाती है।
- सी.डी. एवं फ्लापी से प्रिन्ट बनाये जाते हैं।
- कॉपी टू कॉपी यानि प्रिन्ट द्वारा ही कलर प्रिन्ट।
- रीटचिंग यानि पुराने फोटो को बिल्कुल नया रूप देना।
- डिजिटल प्रिन्ट फोटो निगेटिव या स्लाइड द्वारा बनाये जाते हैं।
- विजिटिंग कार्य यानि विजिटिंग कार्ड में ऑरिजनल कलर फोटो।
- प्रोफाइल यानि एक ही फोटो के अनेक साइज एक ही पेज बनाना।
- ब्लेक एण्ड व्हाईट टू कलर यानि ब्लेक एण्ड व्हाईट फोटो को
- कम्प्यूटर द्वारा कलर बनाना।
- मिक्सिंग यानि शादी या फंक्शन फोटो को आकर्षक डिजाइन में नाम आदि द्वारा अत्यधिक सुन्दर रूप देना।
- पासपोर्ट व टिकट साइज फोटो तुरन्त प्राप्त करें।

# बधाई सन्देश

नववर्ष 2009 के आगमन पर समस्त पायनियर्स परिवार एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं। ईश्वर से प्रार्थना है कि वर्ष 2009 हम सभी के लिए शान्ति, समृद्धि एवं खुशहाली का प्रतीक हों।

शुभेच्छु :



**पा. केशव शिवहरे**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
09415437860



**पा. संतोष मेहरोत्रा**
राष्ट्रीय महासचिव
9897122394



**पा. बी.डी. पाण्डे**
राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष
9411537351

## नववर्ष 2009 की हार्दिक शुभगामनायें



एस.टी.डी.:05947
फोन : 251431 (दु.) 252341
मो0 : 9412085431

# जय गणेश एण्ड सन्स

विश्वसनीय एवं भरोसेमन्द, शुद्धता की गारन्टी

## ज्वैलर्स

सर्राफा चौक, रामनगर (नैनीताल)

## ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

(भारत सरकार का उपक्रम)
शाखा-रामनगर (नैनीताल)

ओ. बी. सी.

## नव वर्ष मंगलमय हो

*समस्त ग्राहकों एवं क्षेत्रवासियों को वर्ष २००९ की हार्दिक शुभकामनायें आधुनिक बैंकिंग की समस्त योजनाओ सहित आकर्षक ब्याज दरों पर जमा एवं ऋण की समस्त सुविधायें*

फिरासत हुसैन
शाखा प्रबन्धक
9412464908


*नववर्ष मंगलमय हो!*



# जय गणेश धर्मवीर सरन

## सर्राफ एवं बैंकर्स

सर्राफा चौक, रामनगर
(नैनीताल) उत्तराखण्ड
फोन : 251487 (दु.)
251298 (नि.)
फैक्स : 254148




7. SH. MANGAT RAM SINGHAL 217,
RAUJA AVENUE, NEW DELHI-110002

समाचार पत्र पंजीयन सं0 पं0 सं0 56806/83,
डाक पंजीयन UA/NTL-01/03

# इन्टरनेशनल पायनियर्स

नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था
प्रधान कार्यालय-रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड

सोसायटी की रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र संख्या-1237/1971-72

# शुभकामनायें एवं बधाईयाँ

पाय0 केशव शिवहरे एवं पायनियर्स क्लब कर्वी चित्रकूट के समस्त सदस्यों ने वरिष्ठ पायनियर सदस्य ज्ञानेन्द्र पाण्डे जी की पत्नी श्रीमती विनीता पाण्डे को रिलायंस बीमा में एम.डी.आर.टी की योग्यता 30 लाख से अधिक का व्यवसाय कर प्राप्त करने पर बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

*Satish Agarwal*
*Rahul Agarwal*

Mobile :
9927072840
9837072840

**J.N. POLY FAB**




Manufacture of :
- H.D.P.E. / P.P.
- Plastic Woven
- Bags/Sacks

Regd. Off. :
47, Meenakshi Road, (Kaliwala Oil Mill)
HAPUR-245101 (Ghaziabad) U.P.
Tel. : 0122-2333224, 2333279

Resi : 63, Panna Puri, (Kaliwala House, Garh Road, Hapur-245101

**भारत का अन्तर्राष्ट्रीय क्लब**

**प्रत्येक नगर में इन्टरनेशनल पायनियर्स क्लब स्थापित करें**

विश्व बन्धुत्व, वसुधैव कुटुम्बकम् के अन्तर्गत नेतृत्व के उचित अवसर पारिवारिक मनोरजंन फैलोशिप, नि:स्वार्थ समाज सेवा

रजि0 संख्या-1237 स्थापित 1968 ☎ : 05947-252841
मो0 : 9897122394

**इन्टरनेशनल पायनियर्स**

e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com
website : www.internationalpioneers.org
राष्ट्रीय कार्यालय : रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक-सन्तोष कुमार मेहरोत्रा द्वारा इन्टरनेशनल पायनियर्स राष्ट्रीय कार्यालय के स्वामित्त्व में प्रकाशित एवं विबग्योर प्रिन्टर्स, रामनगर (नैनीताल) में मुद्रित।